**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 1157 / 2022 / 10–11 / 3573 भोपाल, दिनांक 19/10/22

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी,
सामान्य वन मण्डल, दक्षिण शहडोल,
मध्यप्रदेश।

**विषयः– शहडोल जिले में सरना से विशनपुरवा तक मार्ग निर्माण हेतु 3.340 हेक्टेयर वनभूमि एवं 1.428 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि कुल 4.768 हेक्टेयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग, शहडोल को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक, शहडोल का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 6547 दि 26.09.2022

----0----

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। संदर्भित पत्र के द्वारा प्रस्ताव अपनी अनुशंसा उपरान्त इस कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। प्रस्ताव का परीक्षण करने पर पाया गया कि आवेदक संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई गैर वन भूमि 18.748 हेक्टेयर की क्रमशः 03 प्रकरणों में अलग–अलग रोपण योजना बनाई गई है। इस प्रकरण में 3000 पौधों की वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर पोर्टल में अपलोड की गई है।

आवेदक संस्था द्वारा निम्नानुसार प्रकरणों में गैर वन भूमि उपलब्ध कराई गई है :–

| अ. क्र. | ऑनलाईन प्रस्ताव क्र. | परियोजना का नाम | आवेदित वन भूमि (हे. में) | दी गई गैर वन भूमि (हे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | FP/MP/ROAD/31605/2018 | मोहतरा–हर्राटोला मार्ग निर्माण | 1.903 | 18.748 |
| 2 | FP/MP/ROAD/37998/2019 | सरना–विशनपुरवा मार्ग निर्माण | 4.768 | |
| 3 | FP/MP/ROAD/30716/2017 | कोडार–बरदउहा मार्ग निर्माण | 2.577 | |
| | | **Total** | **9.248** | |

अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त तीनों प्रकरणों में प्राप्त गैर वन भूमि 18.748 हेक्टेयर में 1000 पौधे के मान से 18748 पौधों की एकजाई रोपण योजना तैयार कर तीनों प्रकरणों में वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना वेबपोर्टल में अपलोड कर अवगत करायें ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

19/10/2022

**(सुनील अग्रवाल)**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1157 / 2022 / 10–11 / 3574 भोपाल, दिनांक 19/10/22

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), शहडोल वृत्त शहडोल मध्यप्रदेश।
2. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ. / स.) शहडोल द्वारा शहडोल की ओर उपरोक्त सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19/10/2022

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**